# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–06.03.2025 (दोपहर–1455 बजे)

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में दिव्यांग पेंशन बढ़ाने की मांग को लेकर भाजपा विधायकों ने हंगामा किया। भाजपा विधायक बाबूलाल मरांडी ने सदन में विधवा, वृद्धा और दिव्यांग पेंशन का मामला उठाया। जोरदार नारेबाजी के कारण सदन की कार्यवाही बाधित हुई और स्पीकर के समझाने के बावजूद विधायक नहीं माने। बाद में भाजपा विधायकों ने विरोध स्वरूप सदन से वॉकआउट कर दिया।

****************

महिला दिवस के अवसर पर आठ मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नेतृत्व में दिल्ली में एक राष्ट्रीय समारोह का आयोजन किया जायेगा। समारोह में झारखंड की विभिन्न पंचायतों की महिला जनप्रतिनिधि भी भाग लेंगी। समारोह में भाग लेने दिल्ली पहुंची इन महिला प्रतिनिधियों के साथ केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने रात्रि भोज किया। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि महिला नेतृत्व के माध्यम से ग्रामीण भारत के विकास की एक नई परिभाषा गढ़ी जा रही है।

****************

गिरिडीह में बेटी पढ़ाओ और बेटी बचाओ अभियान के तहत कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं

****************

धनबाद में बोकारो प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक डॉ. माइकल राज एस. ने सभी अपार्टमेंट में गार्ड, नौकर, किरायेदार और ड्राइवर का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य करने का निर्देश दिया है। साथ ही सीसीटीवी कैमरे लगाने और विजिटर रजिस्टर रखने को कहा है। किरायेदार को मकान सौंपने से पहले उसकी पृष्ठभूमि जांचने की सलाह दी गई। साइबर अपराध और आपातकालीन सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 112 और 1930 का उपयोग करने पर जोर दिया गया।

****************

चाईबासा में भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव और उपभोक्ताओं के अधिकारों पर जानकारी दी गई। ट्राई के अधिकारियों ने अवांछित फोन कॉल और साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय बताए।

****************

जमशेदपुर में बंगीय उत्सव का आयोजन 16 मार्च को बिस्टुपुर के रीगल मैदान में होगा। आयोजन के प्रचार–प्रसार के लिए मिलानी हॉल से प्रचार वाहन रवाना किया गया। आयोजन समिति की सदस्य अर्पणा गुहा ने जानकारी दी कि बंगला गायिका पौशाली बनर्जी के अलावा ग्रामीण कलाकार भी प्रस्तुति देंगे।

****************

बोकारो के झुमरा पहाड़ स्थित पंचमो जंगल में बीते दो दिनों से लगी आग पर वन विभाग की टीम ने काबू पा लिया है। हालाकि आगजनी की इस घटना में छह हेक्टेयर इलाके में लगे पेड़–पौधों को नुकसान पहुंचा है। डीएफओ रजनीश कुमार ने ग्रामीणों से अपील की है कि जंगलों में आग ना लगाएं।

****************

सरायकेला जिले के कपाली ओपी क्षेत्र में मैट्रिक परीक्षार्थी शिवम कुमार सिंह की हत्या की जांच पुलिस कर रही है। चांडिल एसडीपीओ अरविंद कुमार ने कहा कि जल्द ही दोषियों की गिरफ्तारी होगी।

****************

खूंटी जिले के अड़की प्रखंड में अफीम जागरूकता के लिए जिला प्रशासन और मीडिया एकादश के बीच मैत्री क्रिकेट मैच आयोजित किया गया। प्रशासन एकादश ने मीडिया एकादश को आठ विकेट से हराया और उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने नाबाद 36 रन बनाए। जिला प्रशासन ने अब तक 12 हजार एकड़ में अवैध अफीम की फसल नष्ट कर ग्रामीणों को वैकल्पिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया। मैच के दौरान डीसी ने विजेता टीम, स्कूली बच्चों और हॉकी खिलाड़ियों को सम्मानित कर खेल सामग्री वितरित की।

**********